सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक— 4762 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2024 दिनांक 27—11—2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय महाविद्यालय,
जनपद—सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2021—22,2022—23 एंव 2023—24 की विभिन्न परीक्षाओं की परीक्षा मद मे विश्वविद्यालय द्वारा उक्त परीक्षाओं हेतु निर्गत अग्रिम धनराशि का समायोजन अभी तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे आगामी परीक्षा हेतु अग्रिम धनराशि दिया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः माननीया कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त सत्रों 2021—22,2022—23 एंव 2023—24 की विभिन्न परीक्षाओं हेतु आपके महाविद्यालय को पूर्व में उपलब्ध कराई गयी अग्रिम धनराशि का अपने महाविद्यालय के समायोजन पंजिका में अंकित कराते हुए समायोजन प्रपत्र सहित एक सप्ताह के अन्दर परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें,जिससे आगामी परीक्षाओं हेतु अग्रिम धनराशि निर्गत की जा सके। यदि आपके महाविद्यालय द्वारा पूर्व अग्रिम धनराशि का समायोजन नहीं किया जाता है तो आपके परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय को कोई भी अग्रिम धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।

भवदीय

27.11.24

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— 4762 / तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. उप कुलसचिव (परीक्षा), सिद्धार्थ वि0वि0 क0, सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. प्रभारी कोडिंग सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

उपकुलसचिव(परीक्षा)